**दिल्ली सरकार**, रा.रा.क्षे.दिल्ली

**कार्यालय महानिदेशक ( कारागार ) : दिल्ली**

कारागार मुख्यालय : नियर लाजवंती गार्डन चौक, जनक पुरी : नई दिल्ली -64

---

| | | |
|---|---|---|
| **अपीलकर्ता** | : | श्री राजकुमार पुत्र श्री जसबीर |
| **आर.टी.आई ज्ञापन संख्या** | : | डिस्पैच न॰ 157 दिनांक 08/02/2023 |
| **अपील कम्र संख्या** | : | 13 दिनांक 24/02/2023 |

आर.टी.आई. आवेदन, जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार संख्या-(8) द्वारा प्रदान किये गये ज्ञापन दिनांक 08/02/2023 और प्रथम अपील का अवलोकन किया।

अपील के माध्यम से अपीलकर्ता ने जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-(8) के द्वारा प्रदान किए गए ज्ञापन पर असंतुष्टि दर्ज की है कि उनके द्वारा प्रदान कराए गए दस्तावेजों में एन. पी.एस. ट्राजंक्शन में डिडक्शन के अमांउट की तारीख या समय का उल्लेख नहीं किया है। इसके अलावा जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या- 8, तिहाड़ व जन सूचना अधिकारी, पी.ए. ओ. 20, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली द्वारा प्रदान कराए गए दस्तावेजों में भिन्नता है।

दस्तावेजों के अवलोकन से पता चलता है कि जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-8 द्वारा प्रदान कराई गई एन.पी.एस. स्टेटमेन्ट अगस्त 2006 से मई 2018 तक है जिसमें महीनेवार हुई डिडक्शन का ब्यौरा दिया गया है। जबकि जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-8 व जन सूचना अधिकारी, पी.ए.ओ. 20, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के द्वारा प्रदान कराए गए दस्तावेज अलग अलग अवधि के है जिस कारण से अपीलकर्ता को प्रदान किए गए दस्तावेजों में भिन्नता का आभास हो रहा है।

जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-8 के द्वारा प्रदान की गई जानकारी उचित है। यद्यपि, अपीलकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी उनकी पेंशन योजना से संबधित है अत: जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक, कारागार संख्या-8 को आदेश दिया जाता है कि अपीलकर्ता के वित्तीय जोखिम को ध्यान में रखते हुए यदि संभव हो तो उनके कार्यकाल में अभी तक हुई सभी डिडक्शन की स्टेटमेन्ट, आर.टी.आई. अधिनियम 2005 के अनुसार अतिरिक्त शुल्क राशि के भुगतान पर प्रदान करे।

तदनुसार अपील निस्तारित की जाती है।

यदि अपीलकर्ता आदेश से संतुष्ट नहीं है, तो वह 90 दिनों के भीतर माननीय केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबागंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली-110067 के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

**उप महानिरिक्षक कारागार/**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**

**श्री राजकुमार पुत्र श्री जसबीर**

F10(3476489)/ID-**Appeal General**/CJ/Legal/2023/1805-06 Dated: 13/03/2023

<u>**आवश्यक सूचना/कार्यवाही के लिए प्रतिलिपि:-**</u>

1. जन सूचना अधिकारी/अधीक्षक-कारागार संख्या-8, तिहाड़, नई दिल्ली-110064.